


हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी


अनमोल वचन

घमंड ना करना जिंदगी में, तकदीर बदलती रहती है, आईना वही रहता है, तस्वीर बदलती रहती है।



बुधवार 13 मई 2026 बर्ष 02 अंक 126 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


## मलमास मेला 2026 की तैयारियों का मंत्री और सांसद ने किया निरीक्षण, श्रद्धालुओं के लिए व्यापक व्यवस्था का दावा

**केशववाणी संजीव कुमार बिट्टू की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** आगामी राजकीय मलमास मेला 2026 के सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को श्रवण कुमार एवं कौशलेन्द्र कुमार ने राजगीर में विभिन्न स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। मलमास मेला का आयोजन 17 मई 2026 से 15 जून 2026 तक राजगीर में होना निर्धारित है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। निरीक्षण के दौरान मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए प्रशासन लगातार तैयारियों में जुटा हुआ है। इस दौरान जिला पदाधिकारी ने बताया कि मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, आपातकालीन सेवाएं, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य सुविधा, शौचालय, चेंजिंग रूम, नियंत्रण कक्ष, हेल्प डेस्क, खानपान और आवासन की विशेष व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बस, ई–रिक्शा एवं अन्य परिवहन सेवाएं भी निर्धारित शुल्क पर उपलब्ध रहेंगी। मेला क्षेत्र में हाई मास्ट लाइट, बैरिकेडिंग, मोबाइल शौचालय, अग्निशमन सुरक्षा और मेडिकल कैंप की व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा एंबुलेंस, स्ट्रेचर, चिकित्सक एवं आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। वहीं खोए हुए लोगों को उनके परिजनों से मिलाने के लिए सूचना केंद्र भी बनाए जाएंगे। प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए 19 टेंट सिटी एवं जर्मन हैंगर तैयार किए गए हैं, जहां पेयजल, स्नानागार, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, सुरक्षा और निःशुल्क जूता–चप्पल रखने की सुविधा उपलब्ध रहेगी। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, ब्रह्मकुंड, वैतरणी घाट, स्टेट गेस्ट हाउस और अन्य प्रमुख स्थलों के पास वाटरप्रूफ यात्री शेड भी बनाए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शाही स्नान के दौरान भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा को लेकर विशेष व्यवस्था की गई है। प्रवेश और निकास द्वारों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी, वार्ड पार्षद और मंदिर समिति के सदस्य मौजूद रहे।








## मलमास मेला 2026 को लेकर राजगीर में विशेष ट्रैफिक प्लान लागू, कई मार्गों पर नो एंट्री

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** राजगीर में 17 मई 2026 से 15 जून 2026 तक आयोजित होने वाले राजकीय मलमास मेला को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक ट्रैफिक प्लान जारी किया है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए 15 मई से 15 जून तक शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में विशेष यातायात व्यवस्था लागू रहेगी। प्रशासन ने कई मार्गों पर वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाते हुए वैक. ल्पिक रूट निर्धारित किए हैं। प्रशासन के अनुसार, वनगंगा से राजगीर की ओर सभी प्रकार के व्यवसायिक वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। वहीं हरियाली, ब्रह्मकुंड, कलाली मोड़, हसनपुर आरओबी समेत कई प्रमुख मार्गों पर छोटे और बड़े वाहनों की आवाजाही नियंत्रित की जाएगी। ब्रह्मकुंड एवं वैतरनी क्षेत्र को पूर्णतः "नो व्हीकल जोन" घोषित किया गया है, जहां केवल पैदल आवागमन की अनुमति होगी। बिहारशरीफ, नवादा और गया से आने–जाने वाले वाहनों के लिए अलग–अलग वैकल्पिक मार्ग तय किए गए हैं। व्यवसायिक वाहनों को बख्तियारपुर–रजौली एनएच से होकर गुजरने का निर्देश दिया गया है, जबकि छोटी गाड़ियों के लिए नारद. 'गंज, पकड़िया, गिरियक और खराट मार्ग निर्धारित किए गए हैं।श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए शहर के विभिन्न स्थानों पर बैरियर और ड्रॉप गेट बनाए जाएंगे। ब्रह्मकुंड, विरायतन मोड़, सोन भंडार, कलाली मोड़, झूला मोड़, पांडुपोखर, शांति स्तूप, वनगंगा और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स समेत कई प्रमुख स्थलों पर पुलिस और ट्रैफिक व्यवस्था तैनात रहेगी। मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों की पार्किंग के लिए किला मैदान, हॉकी मैदान, पीटीजेएम कॉलेज, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सोन भंडार और विश्व शांति स्तूप के पास विशेष पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। इसके अलावा शहर में कई स्थानों पर ट्रैफिक आउट पोस्ट भी स्थापित किए जाएंगे। प्रशासन ने ऑटो, टोटो और टांगा परिचालन के लिए अलग–अलग रूट तय किए हैं तथा लोगों से निर्धारित ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की है, ताकि मलमास मेला शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके।

## पेंदी गांव में धानुक एकता मंच का भव्य अभिनंदन समारोह, पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह पहुंचे

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट सरमेरा (नालंदा)।** नालंदा जिले के सरमेरा प्रखंड अंतर्गत पेंदी गांव में मंगलवार को धानुक एकता मंच, नालंदा के बैनर तले पूर्व केंद्रीय मंत्री आर सी पी सिंह का भव्य अभि. नंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीकांत प्रसाद ने की, जबकि मंच संचालन दिलीप कुमार सरमेरा ने किया। समारोह में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी लता सिंह एवं उनकी माता गिरजा सिंह भी मंच पर मौजूद रहीं। धानुक एकता मंच के जिला अध्यक्ष अरविंद धानुक ने आरसीपी सिंह का फूल–माला, गमछा और शॉल देकर सम्मान किया। वहीं महिला कार्यकर्ताओं ने लता सिंह और गिरजा सिंह को भी अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अरविंद धानुक ने कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद माताओं, बहनों और ग्रामीणों की बड़ी भागीदारी समाज की एकजुटता को दर्शाती है। उन्होंने पेंदी गांव में शिक्षा, सड़क, पानी और स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाल स्थिति पर चिंता जताते हुए मध्य विद्यालय एवं हाई स्कूल खोलने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि पंचम वर्ग के बाद बच्चों को पढ़ाई के लिए छह किलोमीटर दूर जाना पड़ता है, जिससे ग्रामीण बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। अपने संबोधन में लता सिंह ने कहा कि वे हमेशा जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करती रहेंगी। उन्होंने लोगों से भविष्य में भी सहयोग और आशीर्वाद देने की अपील की।पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि समाज की ताकत उसकी एकता में है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में तकनीक के माध्यम से शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं गांव–गांव तक पहुंचेंगी। मोबाइल तकनीक के जरिए बच्चों को घर बैठे शिक्षा और लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी उपलब्ध होगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि ग्रामीणों की सभी समस्याओं के समाधान की दिशा में प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम में रामाश्रय प्रसाद सिंह, विक्रम कुमार, अमोद कुमार, अजय कुमार, योगेंद्र प्रसाद, श्रवण कुमार, जितेंद्र कुमार, गजाधर कुमार, विनोद प्रसाद, तुलसी महतो, सुदामा महतो, कौशलेंद्र प्रसाद, नवीन कुमार, अर्जुन प्रसाद, सोनू कुमार, चंद्रमणि प्रसाद एवं गाजो राउत सहित बड़ी संख्या में धानुक समाज के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समारोह में हजारों की संख्या में ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।









# नालंदा में भाजपा की संगठनात्मक बैठक, पथ निर्माण मंत्री ने कहा– टूटी सड़कों की जल्द होगी मरम्मत

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** बिहारशरीफ स्थित जिला अतिथि गृह में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी, नालंदा की ओर से संग. ठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिहार सरकार के नवनियुक्त पथ निर्माण मंत्री ई. कुमार शैलेन्द्र ने भाग लिया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार सहित पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ जिले के विकास एवं जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री ई. कुमार शैलेन्द्र ने कहा कि किसी भी क्षेत्र का विकास केवल योजनाएं बनाने से नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी और जनसेवा के प्रति समर्पण से संभव होता है। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए सभी को टीम भावना के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में सड़क नेटवर्क का तेजी से विस्तार हुआ है और गांव–गांव तक सड़कें पहुंची हैं। मंत्री ने कहा कि विभाग की जिम्मेदारी संभालने के बाद जल्द ही सभी सड़कों की समीक्षा की जाएगी। जो सड़कें अधूरी हैं या जर्जर हो चुकी हैं, उनकी मरम्मत और निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और तेजी सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है, ताकि आम लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिल सके। बैठक के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंत्री का अंगवस्त्र, माला, बुके और स्मृति चिन्ह देकर भव्य स्वागत किया। मंत्री ने कार्यकर्ताओं से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और जनसमस्याओं के समाधान के लिए अपना मोबाइल नंबर भी साझा किया।



उन्होंने कहा कि जनसेवा के लिए वे हमेशा उपलब्ध रहेंगे। बैठक में राजेश्वर प्रसाद सिंह, अरविंद पटेल, नीरज कुमार डब्ल्यू, साबो देवी, शिवरतन प्रसाद, अमरेश कुमार, धीरेंद्र रंजन, गोपाल कुमार, अमित गौरव, सोनू कुमार हिंदू, अनुग्रह नारायण, डॉ. रेणु देवी, संदीप कुमार, अविनाश कुमार, शशिकला सिन्हा, विकास कुमार, मणिकांत पासवान, अमित शान, जयराम कुमार यादव समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।







# मलमास मेले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम जू–सफारी से घोड़ाकटोरा तक प्रशासन अलर्ट

**केशववाणी राजगीर।** ऐतिहासिक मलमास मेले में इस वर्ष उमड़ने वाली लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भीड़ को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। जू–सफारी से लेकर घोड़ाकटोरा, विश्व शांति स्तूप, नेचर सफारी और जेपी उद्यान सहित सभी प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर दिया गया है। प्रशासन ने भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और आपातकालीन सेवाओं को लेकर विशेष कार्ययोजना तैयार की है, ताकि श्रद्धालुओं और पर्यटकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। राजगीर जू–सफारी के निदेशक राम सुन्दर एम. एवं डीएफओ राजकुमार एम. ने संयुक्त रूप से अधिकारियों के साथ बैठक कर मेले की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि मेले के दौरान सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और पर्यटकों की सुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। भीषण गर्मी को देखते हुए प्रशासन इस बार अग्नि सुरक्षा और इमरजेंसी रिस्पांस सिस्टम को लेकर विशेष सतर्कता बरत रहा है। जू–सफारी और आसपास के घने वन क्षेत्रों में आग लगने की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए फायर सेफ्टी विभाग को हाई अलर्ट पर रखा गया है। संवेदनशील क्षेत्रों में त्वरित राहत दल की तैनाती की गई है और सुरक्षा कर्मियों को लगातार पेट्रोलिंग करने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन ने बताया कि वन क्षेत्रों और ऐतिहासिक स्थलों के आसपास भीड़ प्रबंधन के लिए पुलिस बल के साथ–साथ समन्वयकों की भी तैनाती की जाएगी। इसका उद्देश्य धक्का–मुक्की, भगदड़ और जाम जैसी स्थिति को रोकना है। इस बार मेले में स्वच्छता और वन्यजीव संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, पूरे मेला क्षेत्र में पर्यावरण मानकों का सख्ती से पालन कराया जाएगा। कचरा प्रबंधन के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं, जो लगातार निगरानी करेंगी। साथ ही पर्यटकों से भी साफ–सफाई बनाए रखने की अपील की जाएगी। वेणुवन, सोन भंडार, जरासंध अखाड़ा और अन्य पौराणिक स्थलों पर भी पुलिस गश्ती बढ़ा दी गई है। प्रशासन का कहना है कि इस बार मलमास मेले में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को सुरक्षित, व्यवस्थित और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता होगी।

# नींबू तोड़ने के मामूली विवाद में किशोर की हत्या सकरावां गांव में बवाल; 300 पुलिसकर्मी तैनात

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** नालंदा जिले के अस्थावां थाना क्षेत्र के सकरावां गांव में एक मामूली विवाद ने भयावह रूप ले लिया। पेड़ से गिरे नींबू को उठाने को लेकर हुए विवाद में 14 वर्षीय किशोर शुभम कुमार उर्फ झगरू की पीट–पीटकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद पूरे गांव में तनाव फैल गया और आक्रोशित ग्रामीणों ने जमकर हंगामा व पथराव किया। हालात इतने बिगड़ गए कि जिला प्रशासन को करीब 300 पुलिसकर्मियों की तैनाती करनी पड़ी। पूरा गांव पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है। मृतक की पहचान राजकुमार पासवान के पुत्र शुभम कुमार उर्फ झगरू के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मंगलवार दोपहर वह स्कूल से लौटने के बाद अपने दोस्तों के साथ गांव में कंचे खेल रहा था। इसी दौरान खलील अंसारी उर्फ गोरे के बागान में पेड़ से एक काजी नींबू नीचे गिरा, जिसे किशोर ने उठा लिया। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर खलील अंसारी, गोरख मियां और उनके परिजनों ने किशोर पर लाठी–डंडों से हमला कर दिया। हमले में शुभम गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन आनन–फानन में उसे इलाज के लिए बिहारशरीफ ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना की खबर फैलते ही गांव में भारी आक्रोश फैल गया और सैकड़ों ग्रामीण आरा. `पी पक्ष के घर की ओर बढ़ने लगे। इस दौरान पुलिस और ग्रामीणों के बीच तीखी झड़प हो गई। उग्र भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया, जिसके बाद पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने स्थिति संभालने के बजाय
महिलाओं और ग्रामीणों पर लाठीचार्ज किया। इस दौरान कई महिलाएं घायल हो गईं। वहीं पथराव में आधा दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं, जिनका इलाज कराया जा रहा है।मामले की गंभीरता को देखते हुए नालंदा के पुलिस अधीक्षक Bharat Soni स्वयं मौके पर कैंप कर रहे हैं।



उन्होंने बताया कि गांव में भारी पुलिस बल और मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है, ताकि किसी भी प्रकार की सांप्रदायिक या सामाजिक तनाव की स्थिति उत्पन्न न हो। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 11 नामजद आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है और अब तक 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने बताया कि मामले की जांच के लिए एफएसएल टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। जिला इंटेलिजेंस की टीम भी गांव में लगातार निगरानी कर रही है, ताकि किसी प्रकार की अफवाह न फैल सके। पीड़ित पिता राजकुमार पासवान, जो पटना में ऑटो चलाकर परिवार का भरण–पोषण करते हैं, इस घटना से पूरी तरह टूट चुके हैं। उन्होंने बताया कि एक साल पहले बीमारी से उनके एक बच्चे की मौत हो चुकी थी और अब दूसरे बेटे की हत्या ने परिवार को बर्बाद कर दिया है। जिला प्रशासन ने पीड़ित परिवार को तत्काल 5 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की है। फिलहाल गांव में भारी पुलिस बल की मौजूदगी के बीच स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है, लेकिन इलाके में तनाव अब भी बना हुआ है।







# हाईटेंशन तार की चपेट में आने से युवक की मौत

## परिजनों ने ठेकेदार और मकान मालिक पर लगाया लापरवाही का आरोप

**केशववाणी गुड्डु कुमार की रिपोर्ट पावापुरी (नालंदा)।** नालंदा के पावापुरी मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान शेखपुरा निवासी युवक सोनू कुमार (26) की मौत हो गई। मृतक की पहचान परमेश्वर पासवान के पुत्र के रूप में हुई है। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। जानकारी के अनुसार, सोनू कुमार बरबीघा बाजार के गंज मोहल्ले में एक मकान की ढलाई करने गया था। मकान की छत के ऊपर से 33 हजार वोल्ट का हाईटेंशन तार गुजर रहा था। परिजनों का आरोप है कि काम शुरू होने से पहले मकान मालिक और ठेकेदार दीपक कुमार ने मजदूरों को भरोसा दिलाया था कि बिजली लाइन कटवा दी गई है। लेकिन जैसे ही सोनू काम करने के लिए छत पर चढ़ा, वह हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया और करंट लगने से नीचे मिक्सर मशीन पर जा गिरा। घटना के बाद गंभीर रूप से झुलसे सोनू को परिजन आनन–फानन में बरबीघा अस्पताल ले गए, जहां से डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए पावापुरी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। यहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि हादसे के बाद ठेकेदार और मकान मालिक मौके से फरार हो गए और घायल को अस्पताल पहुंच. ाने तक की जिम्मेदारी नहीं निभाई।



मृतक के साले मुकेश कुमार ने आरोप लगाया कि यह महज दुर्घटना नहीं, बल्कि घोर लापरवाही का परिणाम है। उन्होंने प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है। वहीं पावापुरी ओपी प्रभारी गौरव सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। आवेदन मिलने पर जीरो एफआईआर दर्ज कर संबंधित थाने को मामला भेजा जाएगा, ताकि आगे की कानूनी कार्रवाई की जा सके।

# डीटीओ ऑफिस के पीछे मिला युवक का शव, हत्या या ओवरडोज? जांच में जुटी पुलिस

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र स्थित डीटीओ ऑफिस के पीछे सोमवार देर रात एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सोहसराय थाना क्षेत्र के मंसूरनगर निवासी चंदू मिस्त्री के 20 वर्षीय पुत्र राजीव कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि राजीव अपने ननिहाल देवीसराय में रहकर कारपेंटर का काम करता था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं परिजनों ने हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई है। मृतक के भाई राजा कुमार ने आरोप लगाया कि राजीव की पीट–पीटकर हत्या की गई है। उन्होंने बताया कि शव के कान से खून निकल रहा था तथा शरीर पर कई जगह चोट के निशान थे। परिवार वालों के अनुसार राजीव सोमवार शाम कुछ दोस्तों के साथ घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। इसी बीच मामले में उस समय नया मोड़ आ गया जब सोनी देवी नामक एक युवती सामने आई और खुद को राजीव की पत्नी बताया। युवती ने दावा किया कि वर्ष 2021 में दोनों ने राजगीर के एक मंदिर में प्रेम विवाह किया था, जिसकी जानकारी परिवार के लोगों को नहीं थी। सोनी देवी ने बताया कि घटना वाले दिन उसकी और राजीव की देवीसराय मोड़ के पास मुलाकात हुई थी, जहां दोनों ने साथ में गोलगप्पे खाए थे। युवती के अनुसार शाम करीब सवा छह बजे जब उसने राजीव को फोन किया तो वह काफी घबराया हुआ लग रहा था और मिलने के लिए बुला रहा था। युवती ने बताया कि काफी खोजबीन के बाद रात करीब 10 बजे राजीव का एक दोस्त मिला, जिसने बताया कि वह खेत की ओर गया है। जब वह खेत के पास पहुंची तो राजीव बेसुध अवस्था में पड़ा था और उसके कान से खून बह रहा था। उसने आसपास के घरों में मदद के लिए आवाज लगाई और दरवाजे खटखटाए, लेकिन किसी ने मदद नहीं की। इसके बाद वह मुख्य सड़क पर पहुंची और वहां से गुजर रही पुलिस को घटना की जानकारी दी। इधर, पुलिस की शुरुआती जांच में अलग तथ्य सामने आए हैं। दीपनगर थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि घटनास्थल से नशीले इंजेक्शन और प्रतिबंधित दवाओं के रैपर बरामद किए गए हैं। प्रा. रंभिक जांच और साक्ष्यों के आधार पर मामला नशे के ओवरडोज से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। थानाध्यक्ष ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की गहन जांच कर रही है। परि. जनों की ओर से आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बजरंग दल नालंदा के सहयोग से जरूरतमंद मरीजों को मिला जीवनदान, युवाओं ने किया रक्तदान

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय बजरंग दल नालंदा द्वारा लगातार जरूरतमंद मरीजों की सहायता की जा रही है। संगठन के सहयोग से जिले में जरूरतमंद लोगों को समय–समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे कई मरीजों की जान बचाई जा रही है। इसी क्रम में सामाजिक कार्यकर्ता सूरज कुमार के प्रयास और बजरंग दल नालंदा के सहयोग से कई युवाओं ने आगे आकर रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में आयुष पांडेय, आमिर सोहैल, दिवाकर कुमार, मोहित कुमार, धनु कुमार, राज, सुनील जी एवं अजित जी शामिल हैं। सभी युवाओं ने जरूरतमंद मरीजों के लिए स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। संगठन के कार्यकर्ताओं ने बताया कि जिले में अक्सर दुर्घटना, गंभीर बीमारी एवं ऑपरेशन के दौरान मरीजों को तत्काल रक्त की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे समय में बजरंग दल नालंदा की टीम सक्रिय होकर जरूरतमंदों तक रक्त पहुंचाने का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि कई बार गरीब एवं असहाय परिवारों को रक्त की व्यवस्था करने में काफी परेशानी होती है, जिसे देखते हुए संगठन लगातार सेवा कार्य में जुटा



हुआ है।सूरज कुमार ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है और एक यूनिट रक्त किसी की जिंदगी बचा सकता है। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि स्वस्थ व्यक्ति को समय–समय पर रक्तदान करना चाहिए, ताकि जरूरत पड़ने पर किसी मरीज को रक्त के अभाव में परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बताया कि संगठन आगे भी इसी तरह सामाजिक सेवा और मानवता के कार्यों में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेता रहेगा। रक्तदान अभियान को लेकर युवाओं में भी उत्साह देखा जा रहा है और बड़ी संख्या में लोग इससे जुड़ रहे हैं।






# बिहारशरीफ की समस्याओं को लेकर पथ निर्माण मंत्री से मिले चौंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा चौंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के जिला अध्यक्ष अनिल कुमार अकेला के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को शैलेन्द्र कुमार से मुलाकात कर बिहारशरीफ शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान शहर में सड़क, यातायात व्यवस्था, जाम की समस्या और बुनियादी सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। चौंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने मंत्री को बताया कि बिहारशरीफ शहर में कई प्रमुख सड़कों की स्थिति खराब है, जिससे आम लोगों और व्यापारियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने शहर के विकास कार्यों में तेजी लाने और आवश्यक समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। मुलाकात के दौरान चौंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से मंत्री शैलेंद्र कुमार को बुके एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया।



इस अवसर पर सुरेश कुमार बुदिया, डॉ. विपिन कुमार (सचिव), रणवीर कुमार (वार्ड आयुक्त), उमेश गुप्ता, शशि भूषण एवं भोला बाबू सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।प्रतिनिधिमंडल ने उम्मीद जताई कि मंत्री द्वारा शहर की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# नेशनल यूथ लीडरशिप अवॉर्ड से नवाजे गए नालंदा के दीपक, त्याग और समर्पण से बनायी अलग पहचान

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत सद्भावनानगर निवासी समाजसेवी दीपक कुमार को राष्ट्रीय एकता, शांति और सद्भावना के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर सराहनीय कार्य करने के लिए नेशनल यूथ लीडरशीप अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया गया। दीपक को यह सम्मान नई दिल्ली स्थित विश्व युवक केंद्र में प्रोजेक्ट प्वाइंट ओडिशा, ग्लोबल यूथ पीस कमेटी एवं विश्व युवक केंद्र के सहयोग से आयोजित नेशनल यूथ लीडरशिप प्रोग्राम में दिया गया। दीपक को यह सम्मान उनके अद्भुत नेतृत्व क्षमता, त्याग और समर्पण को देखते हुए मिला। इस समारोह में श्रीलंका के उच्चायुक्त महिष्णी कोलानी, साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी मनिंदर पाल सिंह, ग्लोबल यूथ पीस कमेटी के चेयरमैन सह मैनेजिंग ट्रस्टी ब्रज श्रीवास्तव, विश्व युवक केंद्र के मुख्य कार्यकारी अधिकारी उदय शंकर सिंह, प्रख्यात गांधीवादी सुब्रो राय, नेशनल बुक ट्रस्ट के शोभा कपूर, माय भारत, भारत सरकार के नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के जिला युवा अधिकारी दिवाकर भाटी, हिमाचल प्रदेश के युवा अधिकारी बिपिन कुमार, प्रोजेक्ट प्वाइंट के चेयरमैन डॉ. संग्राम केशरी सामंतराय सहित गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में मोमेंटो, सम्मान पत्र एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। दीपक कुमार पिछले 15 सालों से सामाजिक कार्य से जुड़े हैं। वे देश के महानतम गांधीवादी विचारक रहे डॉ. एसएन सुब्बाराव के सानिध्य में रहकर सम्पूर्ण देश में राष्ट्रीय एकता एवं शांति सद्भावना युवा शिविर आयोजित करने में




अपनी सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। पूरे बिहार में सद्भावना साइकिल यात्रा, जल जीवन हरियाली विषय पर संपूर्ण बिहार में जागरूकता कार्यक्रम कर चुके है। बाल अधिकार, दलित अधिकार, कन्या भ्रूण हत्या, मानवाधिकार, युवाओं को सामाजिक कार्यों से जोड़ने सहित अन्य को लेकर कार्यक्रम का आयोजन करते रहते हैं। समाज और देश सेवा के लिए बहुत कम युवा आगे आते हैं। ऐसे में आजीवन समाज सेवा करने का अटूट संकल्प लिए दीपक कुमार आज युवाओं के बीच प्रेरणा स्त्रोत बनकर उभरे हैं। इससे पहले भी दीपक को नेशनल एकता यूथ अवार्ड 2024, से नवाजा जा चुका है। प्रख्यात बॉलीवुड अभिनेता जावेद खान के हाथों ग्लोबल अचीवमेंट अवार्ड, जल जीवन हरियाली, पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में नालंदा डीएम योगेन्द्र सिंह द्वारा 2019 में सम्मान मिल चुका है। दीपक को सम्मान मिलने पर प्रख्यात समाजसेवी संजय, मनीष कुमार सिन्हा, ममता कुमारी, अधिवक्ता मृत्युंजय कुमार, अधिवक्ता पूजा कुमारी, अवध राज नंद, आदित्य नारायण सेन, लाडू सुरलाकर, कृष्ण मुरारी ठाकुर, मृत्युंजय शर्मा सहित देश भर के समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों ने बधाई दी।



# 11 महीने से मानदेय नहीं मिलने से स्वच्छता कर्मियों में आक्रोश, लोहिया स्वच्छता अभियान पर संकट

**केशववाणी गुड्डु कुमार की रिपोट कतरीसराय (नालंदा)।** कतरीसराय प्रखंड क्षेत्र में सरकार की महत्वाकांक्षी लोहिया स्वच्छता अभियान दम तोड़ती नजर आ रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ गांव एवं स्वच्छ बिहार की परिकल्पना जमीनी स्तर पर विफल होती दिख रही है। स्वच्छता कर्मियों को न तो सुरक्षा किट उपलब्ध कराए गए हैं और न ही कचरा प्रबंधन में उपयोग होने वाले वाहनों की समुचित व्यवस्था है। अधिकांश वाहन जर्जर होकर खराब हो चुके हैं, जिसकी मरम्मत कर्मियों को अपनी जेब से करानी पड़ रही है। स्थिति तब और गंभीर हो गई जब स्वच्छता कर्मियों को पिछले 10 से 11 महीने से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया। अल्प मानदेय पर काम करने वाले कर्मियों के सामने परिवार चलाने का संकट खड़ा हो गया है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2024 में पूरे एक साल का मानदेय लंबित रहा, जबकि वर्ष 2025 में जून माह के बाद से मई 2026 तक करीब 11 महीने का भुगतान अब तक नहीं किया गया है। मैराबरीठ पंचायत के स्वच्छता पर्यवेक्षक सोनू कुमार ने बताया कि सभी स्वच्छता कर्मी अक्टूबर 2022 से लगातार कार्यरत हैं, लेकिन चार वर्षों में मात्र 18 महीने का ही मानदेय भुगतान हुआ है। उन्होंने कहा कि कर्मी प्रतिदिन सुबह छह बजे से दोपहर दो बजे तक लगातार आठ घंटे काम करते हैं, इसके बावजूद समय पर भुगतान नहीं मिलता। जब संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया जाता है तो कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया जाता। स्वच्छता कर्मी रंजन कुमार, प्रवीण कुमार, संतोष कुमार, बबलू मांझी, मिंटू पंडित, धनेश्वर, बलू तांती, चुन्नू, राहुल, भोला, अकलेश, उदय तथा रंजीत पान तांती समेत अन्य कर्मियों ने बताया कि नियमित ड्यूटी के कारण वे दूसरा रोजगार भी नहीं कर पाते हैं। ऐसे में मानदेय भुगतान में लगातार हो रही देरी से परिवार का भरण–पोषण करना मुश्किल हो गया है। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रजनीश कुमार ने कहा कि स्वच्छता कर्मियों के लंबित मानदेय की जानकारी उन्हें नहीं थी। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर जल्द समाधान का प्रयास किया जाएगा।





